# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

Time - 7:15 AM to 10:20 AM **Class – VII** M.M. : 80

Date – 08.09.2022 (Thursday)

Name of the student ______________________ Section ________

> **नोट-**
>
> **क. सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।**
>
> **ख. प्रश्न-पत्र को दो भागों खंड- 'क' और खंड- 'ख' में बाँटा गया है।**
>
> **ग. प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः सुंदर और सुस्पष्ट अक्षरों में लिखें।**

## खंड - 'क'

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1×5=5)**

रेगिस्तान में रहने वाले लोगों का जीवन कष्टकर होता है। दिन में रेत इतनी गरम हो जाती है कि उस पर पैर भी नहीं रखा जा सकता। ऐसी दशा में एक स्थान से दूसरे स्थान तक कैसे पहुँचा जाए? अन्य स्थानों पर तो हम हाथी-घोड़े की सवारी कर लेते हैं, किंतु रेत में हाथी का पैर धँस जाता है। घोड़े भी रेत में नहीं चल सकते। हाँ, रेगिस्तान में ऊँट सवारी के काम आता है। ऊँट ही रेतीली जगहों में बोझा ढोता है। उसके पैरों की गद्दीदार बनावट होती है जिससे कि वह रेत पर सुगमता से चल लेता है। रेगिस्तान में बहुत सारे काम ऊँट कर देता है। रेगिस्तान में जहाँ-जहाँ पानी के कुएँ मिलते हैं, वहीं लोग बस्ती बना लेते हैं। ऐसी बस्तियों को नखलिस्तान कहा जाता है। वहाँ ऊँट से ही रहट खिंचवाया जाता है जिससे पानी कुएँ के बाहर आ जाता है। रेगिस्तानी इलाके में बबूल के पेड़ मिलते हैं। ऊँट उन पेड़ों की पत्तियाँ चर लेता है।

क. रेगिस्तान में रहने वाले लोगों का जीवन होता है-

अ. सुखमय ब. हर्षमय स. कष्टमय द. विषादमय

ख. रेगिस्तान में सवारी के काम आता है-

अ. घोड़ा ब. ऊँट स. हाथी द. बैल

ग. रेतीली जगहों में ऊँट चल सकता है?

अ. गद्दीदार पैरों के कारण ब. प्यास न लगने के कारण

स. भूखे रह सकने के कारण द. अपने शरीर की बनावट के कारण

घ. रेगिस्तान में जहाँ पानी के कुएँ मिलते हैं, उस स्थान को कहते हैं-

अ. रेगिस्तान ब. बलूचिस्तान स. नखलिस्तान द. अफगानिस्तान

ङ. रेगिस्तानी इलाके में किसके पेड़ मिलते हैं?

अ. पीपल के ब. आम के स. जामुन के द. बबूल के

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कीजिए- (1×15 =15)**

क. पंछी कहाँ उड़ते हैं?

अ. उन्मुक्त गगन में ब. विस्तृत धरती पर स. गहरे पाताल में द. उथले पानी में

ख. दादी माँ कैसे पानी में नहाकर आई थीं?

अ. गरम पानी से ब. ठंडा पानी से स. झागवाले पानी से द. इनमें से कोई नहीं

ग. लेखक नागार्जुन ने किसे दूर से देखा था?

अ. गंगा को  ब. यमुना को  स. सतलुज को  द. सभी को

घ. कठपुतली के आगे-पीछे क्या थे?

अ. फूल  ब. पौधे  स. धागे  द. घोड़े

ङ. रोहिणी स्नान करके कहाँ गई?

अ. घर में  ब. आँगन में  स. मकान की छत पर  द. रसोई में

च. स्लाइड की जाँच कर डॉक्टर ने किससे हाथ धोए?

अ. डेटॉल से  ब. साबुन से  स. सर्फ से  द. इनमें से कोई नहीं

छ. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थ के आधार पर शब्द का भेद है-

अ. यौगिक  ब. क्रिया  स. विशेषण  द. विलोम

ज. कौन-सा शब्द 'अ' उपसर्ग लगाकर बना है?

अ. अचानक  ब. अमर  स. असर  द. अवश्य

झ. 'मथनी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -

अ. अनी  ब. कनी  स. नी  द. इनमें से कोई नहीं

ञ. किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं?

अ. अव्ययीभाव समास  ब. द्वंद्व समास

स. कर्मधारय समास  द. इनमें से कोई नहीं

ट. युद्ध में जय------------ तो होती ही रहती है। इस वाक्य में रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

अ. विजय  ब. पराजय  स. अजय  द. हार

ठ. भारत में उत्तर से लेकर-----------तक सांस्कृतिक एकता दिखाई देती है। वाक्य में आए रेखांकित शब्द का रिक्त स्थान के लिए उचित विलोम होगा-

अ. दक्षिण  ब. पूर्व  स. पश्चिम  द. इनमें से कोई नहीं

ड. अंबा किस राज्य की राजकुमारी थीं?

अ. काशी  ब. अयोध्या  स. मथुरा  द. झाँसी

ढ. आचार्य द्रोण किसके पुत्र थे?

अ. महर्षि भरद्वाज  ब.ऋषि मतंग  स. ऋषि दुर्वासा  द. रघु

ण. जरासंध का वध किसने किया था?

अ. भीम  ब. अर्जुन  स. नकुल  द. सहदेव

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(2×5=10)**

क. मिठाईवाले के बच्चों का क्या नाम था?

अ. चुन्नू-मुन्नू  ब. मोहित-रोहित  स. छोटू-बेटू  द. अन्नू-मुन्नू

ख. नदियों को लोकमाता किसने कहा है?

अ. प्रेमचंद ने  ब. काका कालेलकर ने  स. भवानीप्रसाद मिश्र ने  द. इनमें से कोई नहीं

ग. कौन-सा शब्द 'धन' का उचित पर्यायवाची शब्द है?

अ. दिवस  ब. पाहन  स. दौलत  द. दरिद्र

घ. 'कंगाल' और 'कंकाल' श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द में अर्थ का भेद है-

अ. गरीब और हड्डियों का ढाँचा
ब. अमीर और गरीब
स. बीमार व्यक्ति और हड्डियों का ढाँचा
द. दुबला और हड्डियों का ढाँचा

ङ. लाक्षागृह (लाख का घर) से बच निकलने के बाद पांडव किस नगरी में रहे?

अ. एकचक्रा नगरी
ब. मगध
स. कौशाम्बी
द. वैशाली

## खंड - 'ख'

**प्रश्न 4. नीचे लिखे काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1×5=5)**

स्वर्ण-शृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने,
लाल किरण-सी चोंच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने।

क. कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख. 'स्वर्ण-शृंखला' के बंधन में पक्षी क्या भूल जाते हैं?

ग. पक्षी सपनों में क्या देख रहे हैं?

घ. पक्षियों के क्या अरमान थे?

ङ. पक्षी अपनी चोंच से क्या चुगना चाहते थे?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1×5=5)**

"यों तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है, किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ही ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ़ पानी ही पिएँ| और हाँ, अनिल एक किस्म के कीड़े भी हैं, जिनके अंडे ज़मीन की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं| इन अंडों से उत्पन्न हुए लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में अपना घर बना लेते हैं| इनसे बचने का सहज उपाय है कि शौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर-उधर नंगे पैर न घूमें।"

क. गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

ख. एनीमिया का सबसे बड़ा कारण क्या है?

ग. कीड़े हमारे शरीर में कैसे प्रवेश करते हैं?

घ. भोजन करने से पूर्व हमें क्या करना चाहिए?

ङ. पेट के कीड़े से बचने के लिए क्या-क्या उपाय किए जाने चाहिए?

**प्रश्न 6. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2×5=10)

क. दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी?

ख. दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

ग. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?

घ. 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा'- कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा?

ड. रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है?

च. भाव स्पष्ट कीजिए-

या तो क्षितिज मिलन बन जाता / या तनती साँसों की डोरी।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-** (3×2= 6)

क. भारत में नदियों को माँ के समान पूजा जाता है– क्यों? अपने विचार लिखिए |

ख. पर्दा-प्रथा उचित है या अनुचित? अपने विचार बताइए।

ग. यदि आपको एक कमरे में बंद कर दिया जाए और बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा दी जाए तो आपको कैसा लगेगा?

**प्रश्न 8. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

क. निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- **2**

सावन, आग, अचरज, दिन

ख. 'स्व' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द बताइए। **2**

ग. 'लाल है जो किला' समास-विग्रह का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए। **2**

घ. निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए- **2**

वर्ष, धर्म

**प्रश्न 9. निम्नलिखित के उचित उत्तर पर (✓) एवं अनुचित उत्तर पर (×) का चिह्न लगाइए-** (1x3=3)

क. कर्मधारय समास का उदाहरण है- 'पंचरत्न'।

ख. द्वंद्व समास का उदाहरण है- 'माता-पिता'।

ग. द्विगु समास का उदाहरण है- 'देश निकाला'।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्द-रूपों में से 'मूल शब्द' और 'प्रत्यय' को अलग-अलग करके लिखिए-** (1x3=3)

मनुष्यता, लघुता, बनावट

**प्रश्न 11.** आप अपने विद्यालय की हॉकी टीम के कप्तान हैं। आप किसी दूसरे विद्यालय की टीम के साथ हॉकी का मैच खेलना चाहते हैं। अपने विद्यालय के प्राचार्य जी से इसकी अनुमति माँगते हुए पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

वन-विभाग अधिकारी को अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए-** 5

क. परीक्षा भवन के बाहर दो छात्रों के बीच संवाद

ख. फलवाले और गृहिणी के बीच हुआ संवाद

ग. ऑटो चालक व यात्री के बीच किराए को लेकर संवाद